सर्वोच्च प्राथमिकता

संख्या-4/5-ई.एम./2010-का-4-2014

प्रेषक,

योगेश्वर राम मिश्र,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

कार्मिक अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक : 22 अप्रैल, 2014

विषयः- सेवा संवर्गों की समस्याओं के संबंध में।

महोदय,

कर्मचारी संगठनों की मांगों का निराकरण किये जाने के संबंध में निर्गत शासनादेश संख्या-2-ई.एम./2009-का-4-2012, दिनांक 24.5.2012, दिनांक 7.1.2013, दिनांक 19.8.2013 एवं दिनांक 21.10.2013 के क्रम में दिनांक 17.12.2013 को शासनादेश निर्गत करते हुए, कर्मचारी संगठनों की 05 महत्वपूर्ण मांगों का निराकरण कराते हुए कार्मिक विभाग को अवगत कराये जाने का अनुरोध आपसे किया गया है। समसंख्यक पत्र दिनांक 27.12.2013 के द्वारा कृत कार्यवाही से अवगत कराने हेतु आपको अनुस्मृत भी कराया गया है।

2. शासन के संज्ञान में लाया गया है कि अनेक विभागों द्वारा कर्मचारी संगठनों की समस्याओं के निराकरण हेतु पूर्व में दिये गये निर्देशों के बावजूद कर्मचारी संगठनों के साथ बैठकें नहीं की जा रही हैं। मुख्य सचिव द्वारा उक्त कृत्य पर असन्तोष व्यक्त किया गया है।

3. उपर्युक्त के संदर्भ में आपसे यह अनुरोध करने का मुझे निदेश हुआ है कि शासनादेश दिनांक 17.12.2013 (प्रतिलिपि संलग्न) में अंकित 05 महत्वपूर्ण समस्याओं का समयबद्ध रूप से निराकरण करने के संबंध में माह जनवरी व फरवरी, 2014 में की गयी बैठकों के विवरण तथा हल की गयीं समस्याओं से अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः-यथोपरि।

भवदीय,

(योगेश्वर राम मिश्र)
विशेष सचिव

संख्या-5-ई.एम./2010(1)-का-4-2014, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि, मुख्य सचिव के सूचनार्थ, उनके निजी सचिव को प्रेषित।

आज्ञा से,

(योगेश्वर राम मिश्र)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.upnic.in